एक्सआईएसएसः बैडमिंटन में मार्केटिंग मैनेजमेंट की टीम जीती

रांची| एक्सआईएसएस में 'गेम्स एंड स्पोर्ट्स वीक' की शुरुआत गुरुवार को परिसर में हुई। छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ के लिए अपनी एथलेटिक प्रतिभा दिखाने के लिए इस दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा, 'इस वर्ष के गेम्स एंड स्पोर्ट्स वीक पूरी तरह से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कौशल के बारे में है। सभी पूरी तन्मयता के साथ इन खेलों में भाग लें, यही मेरी आशा है।' खेल स्पर्धाओं की शुरुआत बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, फुटसल और बैडमिंटन के नॉकआउट मैचों से हुई। बास्केटबॉल मैच में लड़कों के वर्ग में एचआरएम ने एमएम की टीम को 25-12 से हराया, वहीं एचआरएम ने आरएम के खिलाफ जीत हासिल की। बास्केटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) में एमएम ने एफएम के खिलाफ जीत हासिल की। फुटसल मुकाबले में एचआरएम ने जीत हासिल की। कैरम (एकल) में फाइनेंशियल मैनेजमेंट जीती। बैडमिंटन (महिला वर्ग)) में मार्केटिंग मैनेजमेंट ने रुरल मैनेजमेंट के खिलाफ और फाइनेंशियल मैनेजमेंट ने ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के खिलाफ जीत हासिल की।

PRESS : DAINIK BHASKAR

एक्सआइएसएस में गेम और स्पोर्ट्स सप्ताह का आगाज

रांची. एक्सआइएसएस रांची में गुरुवार को "गेम्स एंड स्पोर्ट्स वीक" की शुरुआत हुई. इस दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं. निदेशक डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कौशल को बढ़ावा देती हैं. इससे अनुशासन और नेतृत्वकर्ता के गुण सीख सकते हैं. पहले दिन खेल स्पर्धाओं की शुरुआत बास्केटबॉल, टेबल-टेनिस, कैरम, शतरंज, फुटसल और बैडमिंटन के नॉकआउट मैच से हुई. पुरुष और महिला टीम ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. संस्था के विभिन्न संकाय के छात्र-छात्राओं ने खेल रणनीति दिखायी. बास्केटबॉल का पहला मैच पुरुष वर्ग के बीच खेला गया. इसमें एचआरएम की टीम ने मार्केटिंग मैनेजमेंट की टीम को 25-12 से हराया. बैडमिंटन महिला वर्ग में मार्केटिंग मैनेजमेंट टीम ने रूरल मैनेजमेंट को और दूसरे मैच में फाइनेंशियल मैनेजमेंट ने एचआरएम की टीम को हराया. मौके पर सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, फादर क्लेवर मिंज मौजूद थे.

प्रभात खबर
Fri, 02 February 2024
https://epaper.prabhatkhabar.com,

PRESS : PRABHAT KHABAR

एक्सआईएसएस में स्पोर्ट्स वीक शुरू

रांची। एक्सआईएसएस में गेम्स एंड स्पोर्ट्स वीक की शुरुआत गुरुवार को हुई। निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और अनुशासन कौशल का विकास होता है। बास्केटबॉल लड़कों के वर्ग में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ने मार्केटिंग मैनेजमेंट टीम को 25-12 से हराया।

PRESS : HINDUSTAN

XISS में “गेम्स एंड स्पोर्ट्स वीक” की शुरुआत

राँची

February 1, 2024 Social News Search

Leave A Comment

रांची : जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने 'गेम्स एंड स्पोर्ट्स वीक' की शुरुआत गुरुवार को परिसर में शुरू किया. छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ के लिए अपनी एथलेटिक प्रतिभा दिखाने के लिए इस दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं है.

XISS के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने उत्साही भीड़ को संबोधित करते हुए कहा

एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने उत्साही भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, "इस वर्ष के 'गेम्स एंड स्पोर्ट्स वीक' का उद्घाटन करने के लिए यहां उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करना मेरे लिए बहुत खुशी का क्षण है. खेल पूरी तरह से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कौशल के बारे में है. यह सब अनुशासन और खेल कौशल के बारे में है. सभी पूरी तन्मयता के साथ इन खेलों में भाग लें, यही मेरी आशा है."

खेल स्पर्धाओं की शुरुआत बास्केटबॉल, टेबल-टेनिस, कैरम, शतरंज, फुटसल और बैडमिंटन के नॉकआउट मैचों से हुई. बास्केटबॉल मैच में लड़कों के वर्ग में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) ने मार्केटिंग मैनेजमेंट (एमएम) की टीम को 25-12 से हराया तो वहीँ एचआरएम ने रूरल मैनेजमेंट (आरएम) के खिलाफ जीत हासिल की. बास्केटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) में मार्केटिंग मैनेजमेंट ने फाइनेंशियल मैनेजमेंट के खिलाफ जीत हासिल की. एचआरएम और मार्केटिंग मैनेजमेंट के बीच फुटसल मुकाबले में एचआरएम ने जीत हासिल की. कैरम (एकल) में फाइनेंशियल मैनेजमेंट ने रूरल मैनेजमेंट के खिलाफ जीत हासिल की जबकि ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ने मार्केटिंग मैनेजमेंट के खिलाफ जीत हासिल की. बैडमिंटन (महिला वर्ग)) में मार्केटिंग मैनेजमेंट ने रूरल मैनेजमेंट के खिलाफ और फाइनेंशियल मैनेजमेंट ने ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के खिलाफ जीत हासिल की.

इस दौरान सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस, डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, फादर क्लाबेर मिंज, संस्थान के चार प्रबंधन कार्यक्रमों के प्रमुख और फैकल्टी भी उपस्थित थे. इन खेलों में संस्थान के सभी छात्रों के अलावा फैकल्टी, और स्टाफ भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं.

PRESS : SOCIAL NEWS SEARCH